खेमनीचक अग्निकांड में 50 से अधिक दुकानें राख

फुलवारी शरीफ. रामकृष्णनगर थाना क्षेत्र के खेमनीचक स्थित सब्जी मंडी में गुरुवार की अहले सुबह करीब 3ः45 बजे लगी भीषण आग ने 50 से अधिक छोटी-बड़ी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. देखते ही देखते झोपड़ीनुमा दुकानों में आग फैल गयी. कई दुकानों में रखे गैस सिलेंडर फटने से लगातार धमाके होते रहे, जिससे दुकानदारों और आसपास के लोगों को सामान निकालने का मौका तक नहीं मिला. आग की चपेट में कई मोटरसाइकिलें भी आ गयीं. दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकानें और उनमें रखा लाखों-करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था. अगलगी के बाद मंडी में गुरुवार को बेहद मार्मिक दृश्य देखने को मिला. जिन दुकानों में कुछ घंटे पहले तक कारोबार चल रहा था, वहां अब जले हुए सामान और राख का ढेर था. कोई मुंह पर गमछा रखकर रो रहा था तो कोई राख में अपना सामान तलाश रहा था. महिलाएं भी अपने परिवार के सदस्यों के साथ



पहुंचकर जली दुकानों को देखकर रोती रहीं. आसपास के लोग पीड़ित व्यापारियों को सांत्वना दे रहे थे, लेकिन उनकी जिंदगी भर की कमाई को राख में बदलते देखकर सांत्वना के लिए शब्द भी कम पड़ रहे थे.

बताया जाता है कि मंडी की जमीन राजा बाबू उर्फ राजा प्रसाद की है और छोटे दुकानदारों को किराये पर जमीन दी गयी है. इसी जगह पर वर्षों से छोटे कारोबारी पूजा सामग्री, प्लास्टिक सामान, मोबाइल, सब्जी, किराना, होटल और खाने-पीने की दुकानें चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे. अधिकतर दुकानदारों की रोजी-रोटी इन्हीं छोटी दुकानों पर निर्भर थी. पूजा-पाठ और प्लास्टिक सामान की दुकान चलाने वाले रमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने घटना से ठीक एक दिन पहले लाखों रुपये का सामान दुकान में लाकर रखा था. उनके अनुसार करीब 15 लाख रुपये का सामान दुकान में था. अगले ही दिन आग ने सब कुछ जला दिया. उन्होंने कहा कि सामान बचाने का मौका तक नहीं मिला. दुकान और उसमें रखी पूरी पूंजी खत्म हो गयी.स्थानीय व्यापारी प्रकाश कुमार ने बताया कि मंडी में छोटी-छोटी पूजा की दुकानें, मोबाइल, सब्जी, होटल और किराना समेत कई तरह के कारोबार हैं. सभी छोटे व्यापारी हैं और इन्हीं दुकानों से परिवार चलता है. उन्होंने कहा कि आग में किसी को कुछ बचाने का मौका नहीं मिला. सरकार मदद नहीं करेगी तो कई परिवारों के सामने भूखे रहने की स्थिति आ जायेगी. बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च कैसे चलेगा, यह समझ में नहीं आ रहा है.

मकान से आभूषण चोरी, पुलिस कर रही छानबीन

पटना सिटी (आससे)। दीदारगंज थाना के फतेहपुर गांव निवासी पंकज कुमार ने बंद मकान से 18 लाख रुपये से अधिक के सोने के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है, दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में छानबीन आरंभ की है। इस संबंध में पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि पत्नी व बच्चे मकान मे ताला बंद कर मैके गयी थी. वो डयूटी पर थे.

जब लौटे तो देखा कि मकान व आलमीरा टूटा हुआ है. चोरों ने आलमीरा के लॉकर में रखे सोने के आभूषण की चोरी कर लिया है. जिसकी अनुमामित कीमत लगभग 18 लाख रुपये से अधिक हो सकती है. पुलिस चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए आसपास में लगे सीसीटी फुटेज को भी खंगाल रही है।

डीआरएम ने किया पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण

पटना सिटी (आससे)। दानापुर रेल मंडल के डीआरएम विनोद कुमार ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ



पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर यात्री सुविधा उपलब्ध कराने और विस्तार करने के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर लगने वाले एक्सीलेटर सीढ़ी,लिफ्ट के प्रस्तावित कार्य को भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।. डीआरएम ने स्थल का भी निरीक्षण किया. वहीं साफ सफाई के साथ अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी ली.। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर कमी दिखने पर अधिकारी सुधार करने का निर्देश दिया ।निरीक्षण में मंडल के अधिकारी भी उपस्थित थे. इस दौरान स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों को व्यवस्था से अवगत कराया. तब दैनिक यात्री संघ के डॉ विनोद कुमार अवस्थी ने यात्री सुविधा बढ़ाने का आग्रह किया।

बताते चले कि जहां डीआरएम का पटना साहिब स्टेशन निरीक्षण की सूचना मिली इस सूचना के दो घंटे पहले स्टेशन के आसपास अतिक्रमण हटाने का काम पुलिस ने की।

संगोष्ठी में मिला शैक्षणिक कार्यशाला व अनुश्रवण का दायित्व

पटना सिटी (आससे)। प्रखंड संसाधन केंद्र में पटना सदर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में सात शहरी व ग्रामीण अंचलों के प्रारंभिक व उच्च विद्यालय के प्रधान शिक्षक,प्रधानाध्यपकों,यूआरसीस ी के व्यवस्थापक व समन्वय की बैठक सह संगोष्ठी हुई,. इसमें विद्यार्थियों के मिलने वाली मध्याह्न भोजन की अनुश्रण करने,शत प्रतिशत विद्यार्थियों की यूडीआईएसई बनाने, नोडल शिक्षकों की व्यवस्था व प्रत्येक शनिवार को शैक्षणिक कार्यशाला समेत अन्य बिंदुओं पर कार्य करने का निर्देश दिया गया।. बैठक में विपिन कुमार,संजय कुमार चौधरी,विनय कुमार के साथ अन्य की सहभागिता रही।

रैगिंग मामले में कमेटी ने की सुनवाई

पटना सिटी (आससे)। एनएमसीएच कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग मामले में कार्रवाई करते हुए तीन माह के लिए वर्ष 2025 बैच के विद्यार्थियों को कक्षा से निलंबित किया है, इसी बीच गुरुवार को कॉलेज प्रशासन ने 2023 व 2024



बैच के विद्यार्थियों ने एंटी रैगिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। इस संबंध में कालेज प्राचार्या डॉ उषा कुमारी ने बताया कि सत्र 2023 व 2024 के विद्यार्थियों को निलंबन वापस लेते हुए दो नवंबर से क्लास आरंभ करने व सत्र 2023 की तीन और सत्र 2024 की दो छात्र को एंटी रैगिंग टीम में शामिल किया गया।. इसके साथ कैमरा की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया. बैठक में एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्य के साथ वार्डन व सहायक वार्डन उपस्थित थी. बताते चले कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), आल इंडिया एंटी रैगिंग कमेटी व बिहार सरकार के लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2026 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के साथ रैगिंग होने की शिकायत कॉलेज प्रशासन को भेजी गयी थी। इसमें विभाग के स्तर पर कॉलेज प्रशासन से जवाब मांगा गया था.इसी के बाद कॉलेज प्रशासन ने यह कार्रवाई की है।

पैक्सों से खाद वितरण बढ़ाने और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने पर फोकस

पटना (आससे)। सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक (नीति) श्री मुकेश कुमार ने गुरुवार को बिहार में सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पैक्सों के माध्यम से खाद वितरण बढ़ाने, उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने तथा सहकारी समितियों को प्रशिक्षण और क्षमतावर्धन के जरिए सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक में निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार रजनीश कुमार सिंह सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे. समीक्षा के दौरान मुकेश कुमार ने कहा कि पैक्सों के माध्यम से अधिक से अधिक खाद वितरण किया जाए, ताकि किसानों को स्थानीय स्तर पर उर्वरक उपलब्ध हो सके। उन्होंने पैक्सों को आर्थिक रूप से सशक्त और बहुउद्देशीय संस्थाओं के रूप में विकसित करने तथा सहकारी समितियों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

एम्स पटना में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस इलाज के लिए पीएम राहत योजना शुरू

पात्र मरीजों को सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा

फुलवारी शरीफ. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में गुरुवार से प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार योजना (पीएम-राहत) की शुरुआत की गयी. योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर कैशलेस इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक परेशानी के कारण किसी मरीज को जरूरी चिकित्सा सुविधा से वंचित न होना पड़े. योजना के तहत पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी. यह सुविधा निर्धारित नियमों और पात्रता की शर्तों के अनुसार दी जायेगी. इसके माध्यम से दुर्घटना के बाद घायल मरीजों को समय पर प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है.

एम्स पटना के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग की योजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका होगी. योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए चिकित्सा विभागों, अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है. पात्र मरीजों के इलाज के साथ आवश्यक औपचारिकताएं भी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी की जायेंगी. एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि संस्थान मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध



है. उन्होंने कहा कि पीएम-राहत योजना से बिहार और आसपास के क्षेत्रों के सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर आपातकालीन चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

एम्स पटना के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और उचित प्रशासनिक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि पात्र मरीजों को योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है. ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता देने, उनकी स्थिति का आकलन करने और आवश्यकता के अनुसार विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज निर्धारित चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार किया जायेगा.

एम्स पटना में योजना के लिए नामित नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा, उप चिकित्सा अधीक्षक, इसके क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों का समन्वय करेंगे. पात्र मरीजों के सत्यापन, आवश्यक दस्तावेजों और अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया जायेगा. पीएम-राहत योजना भारत सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है. सड़क दुर्घटना की स्थिति में सहायता के लिए आम नागरिक राष्ट्रीय आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सकते हैं.

दारोगा भर्ती अभ्यर्थियों का पटना में बवाल

बैरिकेडिंग तोड़ी, भागकर पहुंचे डाक बंगला चौराहा, पुलिस ने कइयों को हिरासत में लिया

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार में 1799 पदों पर होने वाली दरोगा भर्ती की मुख्य परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में गुरुवार को अभ्यर्थी सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारी गांधी मैदान से मार्च करते हुए जेपी गोलंबर पहुंचे, जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। हालांकि, अभ्यर्थियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़ गए। यहां पुलिस ने एक बार फिर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ अभ्यर्थी सड़क पर लेट गए, जिन्हें पुलिस ने जबरन उठाकर हिरासत में लिया। प्रदर्शनकारियों को पुलिसकर्मी सड़क से घसीटकर पुलिस वाहन में बैठाते नजर आए। बारिश के बावजूद अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे।

दरोगा भर्ती के अभ्यर्थियों के प्रदर्शन की शुरुआत गुरुवार को गांधी मैदान के गेट नंबर-10 से हुई। मुख्य परीक्षा में सफल 10,789 अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर लोक सेवक आवास का घेराव करने निकले थे।



मार्च करते हुए वे जेपी गोलंबर पहुंचे, जहां प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की।अभ्यर्थियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और आगे बढ़ते हुए डाकबंगला चौराहे तक पहुंच गए। बाद प्रशासन ने डाकबंगला चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। मौके पर पुलिस बल के साथ वाटर कैनन की गाड़ी भी तैनात की गई है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने और आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। ंऔर प्रदर्शनकारियो को डाक बंगला चौराहा से आगे बढने से रोक दिया। वही अभ्यर्थी परीक्षा रद्द करने का फैसला वापस लेने और फिजिकल टेस्ट की तारीख घोषित करने की मांग पर अड़े हैं। बारिश के बीच जारी प्रदर्शन और पुलिस की कार्रवाई के कारण पटना यातायात व्यवस्था प्रभावित रहा। हालाकि बाद मे मौके पर उपस्थित पुंलिस अधिकारियो ने प्रदर्शनकारियो को समझा बुझाकर शांत कराया।इसके बाद डाक बंगला चौराहे पर यातायात सामान्य हो सकी।

प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए एक अभ्यर्थी ने कहा कि परीक्षा आयोजित होने के चार महीने बाद उसे रद्द कर दिया गया। अभ्यर्थी ने इसे उनके साथ ज्यादती बताते हुए सरकार से परीक्षा रद्द करने का फैसला वापस लेने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले एक महीने से पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। इसी वजह से उन्होंने गुरुवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया था।

गांजे के साथ पकड़ाया

पटना सिटी (आससे)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने एनएच पर गांजा लेकर जा रहे धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि धंधेबाज गांजा लेकर जा रहा था इसी बीच गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है साथ ही गिरफ्तार व्यक्ति से एक किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया है. ।पुलिस ने बताया कि गांजा के साथ जब्त शराब मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

विजयी प्रत्याशियों को फैक्टनेब की बधाई

पटना (आससे)। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) ने विधान परिषद चुनाव में शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी है । संगठन के अध्यक्ष डॉ शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, राजीव रंजन, अरुण गौतम, श्रवण कुमार, सुशील कुमार झा, डॉ मणिन्द्र कुमार, डॉ सुमन्त कुमार सिन्हा एवं डॉ पितृ कुमार ने उम्मीद जतायी है कि समस्याओं के समाधान कराने में सक्षम साबित होंगे।

अक्षय ऊर्जा, बैटरी स्टोरेज और सोलर परियोजनाओं से बदलेगा बिहार का ऊर्जा परिदृश्य:ऊर्जा मंत्री

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने, नवीकरणी ऊर्जा की



संभावनाओं का लाभ उठाने तथा उद्योगों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के उद्देश्य से पटना में ग्रीन एनर्जी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, औद्योगिकी एवं रूफटॉप सोलर, ऊर्जा भंडारण, नीतिगत एवं संस्थागत व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और स्थिर आर्थिक विकास को गति देने में अक्षय ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राज्य में सौर ऊर्जा, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी, शहरीकरण, औद्योगिक गतिविधियों और आर्थिक विकास के कारण बिहार में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही हैं। राज्य में अबतक 9,475 मेगावाट की रिकॉर्ड पीक बिजली मांग को पूरा किया हैं। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बिजली उत्पादन, पारेषण वितरण और ऊर्जा भंडारण की क्षमता को मजबूत किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र में नई परियोजनाओं और निवेश को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

सतर्कता जागरूकता व नशामुक्ति को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली रैली

फुलवारी शरीफ. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं नशामुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को ईमानदारी, पारदर्शिता, नैतिक मूल्यों तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया. उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हिंदुनी में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली.

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदुनी गांव के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और नशे से दूर रहने की अपील की. विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में लोगों की भागीदारी का आह्वान करते हुए नशामुक्त भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया.

वहीं, एसटी कॉलेज, फुलवारी शरीफ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी. नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से



नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला. साथ ही ईमानदारी, पारदर्शिता, नैतिकता और जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. इसके बाद विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के बाद भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ.

आईटीबीपी की ओर से आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को सतर्कता, नैतिक मूल्यों तथा नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया.

मकान से 1.827 किलो गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार

फुलवारी शरीफ. जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक मकान में छापेमारी कर 1.827 किलो गांजा बरामद किया है. इस मामले में पुलिस ने 22 वर्षीय युवक सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक की पहचान अकबरपुर गांव निवासी सूर्यदयाल राय के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है. पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है और मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-दो उमेश्वर चौधरी ने बताया कि बुधवार की शाम जानीपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नगवां गांव स्थित एक मकान में अवैध रूप से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है. सूचना में बताए गए स्थान की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी. इसके बाद जानीपुर थानाध्यक्ष ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन किया. छापेमारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों ने नगवां गांव स्थित संबंधित मकान में पहुंचकर विधिवत छापेमारी की. इस दौरान मकान में मौजूद एक युवक पुलिस के संदेह के घेरे में आया. पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की और उसके कमरे की तलाशी ली. तलाशी के दौरान कमरे में काले और सफेद रंग की प्लास्टिक में रखा गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ. पुलिस ने बरामद पदार्थ को अपने कब्जे में लेकर उसका वजन कराया, जो 1.827 किलो पाया गया.

सत्तार मेमोरियल कॉलेज में स्वच्छता अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

फुलवारी शरीफ. सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फुलवारी शरीफ में स्पेशल कैंपेन



6.0 के तहत स्वच्छता जागरूकता को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक करना था. प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को 12 समूहों में विभाजित किया गया. प्रत्येक समूह से पांच प्रश्न पूछे गये. प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक निर्धारित किये गये, जबकि गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं दिया गया.

प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान, सहभागिता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया गया.

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया. इसमें प्रकोष्ठ की समन्वयक तहेरा खातून और सह-समन्वयक राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है. विद्यार्थियों को अपने घर, महाविद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ समाज में भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया.

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को कचरे के उचित निपटान, प्लास्टिक के उपयोग में कमी और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गयी. कार्यक्रम में डीएलएड के प्रभारी डॉ. मोहम्मद एहतेशाम निजामी, मोहम्मद उमर, अरविंद कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, रमेश कुमार चंद्र, डॉ. अजीत कुमार सिंह और डॉ. नबील अहमद उपस्थित रहे.

सऊदी अरब के ऑर्थोपेडिक सर्जन पटना में सीखेंगे रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

फुलवारी शरीफ. बिहार के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि सऊदी अरब के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अहमद अब्दुल्ला आधुनिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की तकनीकों का प्रशिक्षण लेने के लिए पटना आ रहे हैं. वे एआईओआर सुपरस्पेशियलिटी यूनिट में डॉ. आशीष सिंह और उनकी टीम के मार्गदर्शन में तीन सप्ताह की अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप करेंगे. इस दौरान वे रोबोटिक तकनीक से हिप और नी रिप्लेसमेंट के साथ जटिल रिवीजन जॉइंट सर्जरी की बारीकियों को समझेंगे. फेलोशिप के दौरान क्लिनिकल ऑब्जर्वेशन, जटिल मामलों पर चर्चा, सर्जिकल प्लानिंग और आधुनिक ऑपरेशन तकनीकों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा. रोबोटिक तकनीक के इस्तेमाल और जटिल परिस्थितियों में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की प्रक्रिया को समझने पर विशेष जोर रहेगा. इससे विभिन्न देशों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के बीच चिकित्सा ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा. एआईओआर सुपरस्पेशियलिटी यूनिट में सऊदी अरब के चिकित्सक का प्रशिक्षण बिहार में विकसित हो रही आधुनिक ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामने लाने वाला कदम माना जा रहा है. अब तक भारतीय चिकित्सक आधुनिक सर्जिकल तकनीकों का प्रशिक्षण लेने के लिए विदेश जाते रहे हैं. वहीं, विदेश के विशेषज्ञ चिकित्सकों का प्रशिक्षण के लिए पटना आना राज्य में उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञता की बढ़ती पहचान को दर्शाता है.

प्रकाश पर्व की तैयारियों से अवगत हुए पूर्व मुख्य सचिव

पटना सिटी (आससे)। खालसा पंथ के संस्थापक व सिखों के



दशमे गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की जनवरी माह में आयोजित होने वाले 360 वां प्रकाश पर्व की तैयारियों को लेकर राज्य के पूर्व मुख्य सचिव व परामर्शदात्री के अध्यक्ष जीएस कंग को प्रबंधक कमेटी के पदाधारकों ने अवगत कराया।. प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही व वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने पूर्व मुख्य सचिव को प्रकाश पर्व की हो रही तैयारियों से अवगत कराते हुए बताया कि संगत के लिए रिहाइश व लंगर की व्यवस्था व तीन दिनों के विशेष दीवान समेत गुरु पर्व के कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा रखी।, इससे पहले पूर्व मुख्य सचिव ने दरबार साहिब में हाजिरी लगायी. जहां ग्रंथी की ओर से गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया। दूसरी ओर से प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में पटना में प्रकाश पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।. बैठक में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही,वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह,कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह,धर्म प्रचार कमेटी चेयरमैन महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन,सुमित सिंह कलशी व प्रबंधक पपिंदर सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता,पटना सदर-2 दाखिल-खारिज अपील वाद सं0-469/2026-27
श्री मनोज कुमार बनाम् अंचल अधिकारी, पाटलीपुत्रा एवं अन्य
ज्ञापांक 65 दिनांक 07/10/26
नोटिस बनाम् 1. अंचल अधिकारी, पाटलीपुत्रा 2. श्री दिनेश सिंघल, पिता–श्री रतीराम सिंघल, पता–शांतिवन–1, कंकड़बाग, जिला–पटना, सचिव, सागर सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड, रजिस्ट्रेशन नं0–75/पैट) 1982, पता–अभिषेक प्लाजा, एक्जीविशन रोड पटना, पिन कोड–800001

चूँ–बजरिये नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि अंचल अधिकारी, पाटलीपुत्रा के दाखिल–खारिज वाद सं0–370/2025–26 में पारित आदेश के विरूद्ध अपीलार्थी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय दायर किया गया है, जो वाद ग्रहण के पश्चात् सुनवाई हेतु दिनांक **08/11/2026** को अपराह्न 01:30 बजे निर्धारित है।

अतः निर्धारित तिथि एवं समय पर वकालतन अथवा असालतन उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा। इसे सख्त ताकिद जाने।

प्रश्नगत वादगत विवादित भूमि का विवरण– मौजा/थाना सं0–खाजपुरा/8/11, खाता सं0–362, खेसरा सं0–1173, रकवा–1.5613 डी0

भूमि सुधार उप समाहर्ता, पटना सदर–2